ॐ

निबंधन संख्या - 927/08-09
दूरभाष :: 0651-3512271, 2251008

# विद्या विकास समिति, झारखण्ड

( विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध )
शुक्ला कॉलोनी, हिनू, पत्रा.-डोरण्डा, राँची - 834002
E-mail - vvs.jharkhand@yahoo.com Web - http://www.vvsjharkhand.org.in

पत्रक क्र. : 01/2023-24 (वैशाख कृष्ण 8 वि. सं. 2080 युगाब्द 5125) दिनांक : 13/04/2023

मान्यवर/मान्या,

सादर नमस्कार।

''प्राय: देखा जाता है कि औपचारिक शिक्षा प्राप्त व्यक्ति समान्यतया अमानवीय व्यवहार करता है; और देखने को मिलता है कि निरक्षर व्यक्ति व्यवहार, भावना एवं ज्ञान में उससे कहीं अधिक श्रेष्ठ होता है। इसका अर्थ है कि शिक्षा मात्र अक्षर-ज्ञान तक सीमित नहीं है।

विद्या के अर्जन में गुरु अर्थात् शिक्षक का महत्त्व कम नहीं है। गुरु के सहयोग से ही बालक-बालिकाएँ विद्या के मार्ग पर आगे बढ़ता है। गुरु के सहयोग से ही बालक में श्रद्धा और सेवा की भावना पैदा होती है। श्रद्धा एवं सेवा से प्रसन्न होकर गुरु ही शिष्य को विद्या प्राप्ति की ओर अभिमुख करता है। वास्तव में विद्या गुरु की ओर से शिष्य के प्रति आत्मदान है जो एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। विद्या का व्यवसाय नहीं हो सकता है। केवल धन बल से विद्यावान नहीं बना जा सकता है। विद्या बौद्धिक साधना है। तो आइए साधनारत होवें।''
- मा. लज्जाराम तोमर जी।

विद्या काज गंगा की धारा नित इसमें स्नान करें।
राष्ट्रदेव के श्री चरणों में, अपना सबकुछ होम करें।
है यही संकल्प अपना, देश अर्पित प्राण हो।
स्वाभिमानी, स्वाबलम्बी देश का निर्माण हो।
देश उत्थान हो।

## विषय क्रम

**विगत कार्यक्रम**

1. प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन

**आगामी कार्यक्रम**

1. प्रांतीय विषय प्रमुख तथा विषय सह प्रमुख बैठक
2. संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक बैठक
3. प्रांतीय परीक्षा टोली बैठक
4. क्षेत्रीय कार्यशाला उच्चतर माध्यमिक हेतु
5. प्रांतीय शारीरिक एवं खेलकूद आचार्य प्रशिक्षण वर्ग
6. विभाग टोली बैठक
7. विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक
8. निधि प्रेषण
9. ग्रीष्मावकाश
10. ग्रीष्मावकाश में प्रशिक्षण
11. प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता (बाल एवं किशोर वर्ग)
12. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
13. वार्षिक कार्ययोजना में भूल सुधार

**अन्यान्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रदेश से संदर्भित निधि | 2. | विद्या भारती कार्यकर्ता कल्याण न्यास |
| 3. | अन्य राशि | 4. | संस्कृति बोध परियोजना |
| 5. | विद्यालय के कार्यक्रम | 6. | वार्षिक कार्ययोजना |
| 7. | अर्थ संकल्प | 8. | अंकेक्षण |
| 9. | मासिक एवं वार्षिक तलपट | 10. | नवीन नामांकन |
| 11. | आचार्य चयन प्रक्रिया | 12. | भारती संस्कृति शिक्षा सेवा न्यास |
| 13. | राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन | | |

## विगत कार्यक्रम

### 1. प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन

प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा, गिरिडीह में दिनांक 12 से 15 फरवरी, 2023 तक संपन्न हुआ। सुखद संयोग रहा कि दो अखिल भारतीय अधिकारी एवं मा. क्षेत्र प्रचारक तथा मा. क्षेत्र संगठन मंत्री, क्षेत्रीय मंत्री जी विद्या भारती खेल परिषद के अखिल भारतीय सचिव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। डा. किशनवीर सिंह 'शाक्य' जी ने तो सम्मेलन को श्रेष्ठतम ही बना दिया। सकारात्मक चर्चा एवं प्रधानाचार्य सम्मान से यह सम्मेलन अद्वितीय रहा। कुल 214 प्रधानाचार्य बंधु/भगिनी की उपस्थिति रही। सुंदर एवं सुव्यस्थित व्यवस्था के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद।

## आगामी कार्यक्रम

### 1. प्रांतीय विषय प्रमुख तथा विषय सह प्रमुख बैठक

यह बैठक 15 अप्रैल, 2023 शनिवार को उमा नलिनी ब्रह्म सरस्वती विद्या मंदिर, कुंडा, देवघर में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹250/- (दो सौ पचास रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। विगत उपलब्धि एवं आगामी योजनाओं पर चर्चा होगी। कोई **नवीन प्रयोग** अपने विषय प्रमुख महोदय ने किया हो तो लिखित आख्य साथ लावेंगे। इस बैठक से पूर्व अपने प्रदेश एवं संकुल टोली **बैठक** तरंग माध्यम से करना श्रेयस्कर होगा। बाबा बैद्यनाथ का दर्शन पूजन की योजना कार्यक्रम के पूर्व या पश्चात ही बनावें। विशेष व्यवस्था हेतु कुंडा, देवघर के प्रधानाचार्य श्री आनंद कुमार मिश्र जी से दूरभाष 9939152196 पर वार्ता कर सकते हैं। प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 तक बैठक निर्धारित है।

### 2. संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक बैठक

यह बैठक 16 अप्रैल 2023 को उमा नलिनी ब्रह्म सरस्वती विद्या मंदिर, कुंडा, देवघर में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹250/- (दो सौ पचास रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। चर्चा के विषय बिन्दु वार्षिक कार्ययोजना पृष्ठ क्रमांक-01 पर अंकित है। बैठक पूर्वाह्न 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक होगी।

### 3. प्रांतीय परीक्षा टोली बैठक

व्यस्थित परीक्षा संचालन हेतु परीक्षा टोली की बैठक 21 अप्रैल, 2023 शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में होगी। अपेक्षित कार्यकर्ता को पत्र दिया गया है।

### 4. क्षेत्रीय कार्यशाला - उच्चतर माध्यमिक हेतु

उच्चतर माध्यमिक स्तर के आचार्यों के लिए विषयश: कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय स्तर पर किया गया है, जिसकी तिथि, स्थान एवं शुल्क अग्रलिखित है।

| विषय | दिनांक | स्थान | व्यवस्था शुल्क |
|---|---|---|---|
| गणित | 22 से 24 अप्रैल, 2023 | केशव सरस्वती विद्या मंदिर, मरचा-मरची, पटना (बिहार) | ₹750/- |

| विषय | दिनांक | स्थान | व्यवस्था शुल्क |
|---|---|---|---|
| वाणिज्य / व्यवसायिक शिक्षा | 27 से 29 अप्रैल, 2023 | राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, अशोकनगर, धनबाद | ₹750/- |
| भौतिकी | 03 से 05 मई, 2023 | गणपतराय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर, नरगा कोठी, चंपा नगर, भागलपुर | ₹750/- |
| रसायन | 08 से 10 मई, 2023 | सरस्वती विद्या मंदिर, औरंगाबाद | ₹750/- |
| जीव विज्ञान | 12 से 14 मई, 2023 | सरस्वती विद्या मंदिर, बरबतसेना, बेतिया | ₹750/- |

उच्चतर माध्यमिक खंड में कक्षा अध्यापित करने वाले सभी आचार्य बंधु-भगिनी इस कार्यशाला में आवश्य भाग लें। विषय की जानकारी प्रांतीय विषय प्रमुख जी से प्राप्त करेंगे। विषय संरक्षक से भी विशेष जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिभागी तैयारी के साथ कार्यशाला में भाग लें।

## 5. प्रांतीय शारीरिक एवं खेलकूद आचार्य प्रशिक्षण वर्ग

यह प्रशिक्षण वर्ग 24 से 29 अप्रैल, 2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्रीकृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयोजित है। यह प्रशिक्षण वर्ग है, अत: तन से स्वस्थ्य एवं मन से युवा आचार्य बंधु-भगिनी को ही भेजें। अपने साथ **विद्या भारती खेलकूद निर्देशिका** भी लावें। लेखन-आलेखन सामग्री साथ लाना अनिवार्य है। खेलकूद एवं शारीरिक विभाग की प्रगति हो, इस दृष्टि से प्रत्येक विद्यालय सीखने में सक्षम-समर्थ आचार्य जी, दीदीजी को अवश्य भेजें। आचार्य वेश, शारीरिक वेश एवं शुभ्र वेश भी साथ लावें। व्यवस्था शुल्क ₹1,500/- (एक हजार पाँच सौ रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। विशेष जानकारी विषय संरक्षक श्री सुरेश मंडल जी से दूरभाष 9955188609 पर प्राप्त कर सकते हैं।

## 6. विभाग टोली बैठक

विभाग टोली बैठक 07 मई, 2023 को विभाग केन्द्र या विभाग निरीक्षक महोदय द्वारा निर्धारित स्थान पर आयोजित करनी है। विभाग टोली को पुर्नगठित भी करनी चाहिए। पदेन सदस्य के अतिरिक्त, विद्वतजन, सरस्वती पुत्र, पूर्व छात्र, विभिन्न विधा में तज्ञ, मातृशक्ति, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पूर्व आचार्य, अर्थात् सभी समूहों को साथ लेते हुए, 21, 31, 41, 51 की संख्या रख सकते हैं। जिन विभागों में विद्यालयों की संख्या 40 या अधिक है तो वे 71, 81 भी संख्या कर सकते हैं। सबका साथ हो, सबकी सहभागिता हो। इस बैठक में विभाग टोली का प्रवास तय हो, जाकर करना क्या ? तय हो जाए। विभाग कार्ययोजना तय हो जाए। सब सक्रिय भी रहे इसकी अपेक्षा है।

## 7. विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक

वार्षिक कार्ययोजना पृष्ठ संख्या-02 पर सभी विभागों में बैठक स्थल निर्धारित किए गए हैं। संगठन की योजना रचना की दृष्टि से यह बैठक महत्वपूर्ण है। सभी प्रधानाचार्य एवं प्रभारी प्रधानाचार्य (प्रदेश द्वारा घोषित) अपेक्षित है। जिन विद्यालयों में प्रदेश द्वारा प्रेषित प्रधानाचार्य नहीं है वहाँ से जिन्हें समिति ने दायित्व दिया है वे सम्मिलित होंगे। वृत्त प्रपत्र बाद में प्रेषित किया जाएगा।

## 8. 12 मई - राशि प्रेषण तिथि

वार्षिक कार्ययोजना पृष्ठ संख्या-2/3 के अनुसार राशि प्रेषित करें एवं पत्र द्वारा प्रदेश को भी सूचित करें। श्री सूर्यकांत जी को दूरभाष 9504106271 पर सूचना दें। विद्यालय जिस समिति से संबद्ध है, उसी समिति के खाते में राशि प्रेषित करें।

## 9. ग्रीष्मावकाश

15 मई, 2023 से 10 जून, 2023 तक ग्रीष्मावकाश है। ग्रीष्मावकाश के महत्व को समझाते हुए करणीय कार्य, दिनक्रम एवं गृहकार्य तथा प्रोजेक्ट वर्क आवश्यकतानुसार मुद्रित कराकर दिए जाए। अवकाश की समाप्ति के पश्चात गहनता से सभी कार्यों की जाँच हो, पूछताछ हो, अनुभव लिए जाए। शेष व्यवस्था वार्षिक कार्ययोजना के पृष्ठ-3 पर अंकित है।

## 10. ग्रीष्मावकाश में प्रशिक्षण

प्रांत भी ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग करते हुए कतिपय प्रशिक्षणों को आयोजित करता है। जिससे अपना विद्यालय परिवार अद्यतन Up-to-Date & Upgrade बना रहे। आगामी प्रशिक्षणों की योजना निम्नवत् है।

**क. नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग**

नवचयनित आचार्य-2023 एवं वैसे प्रांतीय स्तर पर 2021-22 में चयनित आचार्य जिनका प्रशिक्षण नहीं हुआ है, वे सभी अपेक्षित हैं। शुल्क वार्षिक कार्ययोजना में अंकित है। पत्र भी दिया जाएगा।

**ख. प्रांतीय कार्यरत नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग**

वैसे नवचयनित आचार्य जिन्हें विद्यालय में भेज दिया गया है किन्तु नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग नहीं हुआ है। वैसे सभी आचार्य इस प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित हैं। उन आचार्यों को प्रशिक्षण में सहभागी बनने के लिए प्रांत से प्राप्त पत्र के साथ सम्मिलित होने का आग्रह पत्र प्रदेश कार्यालय आना चाहिए। शुल्क कार्ययोजना में अंकित है।

**ग. प्रांतीय स्थायित्व आचार्य प्रशिक्षण वर्ग**

वैसे प्रांतीय नवचयनित आचार्य जिनकी अखंडित सेवा 365 दिन पूर्ण हो गयी है; साथ ही उनका नवीन आचार्य प्रशिक्षण भी पूर्ण हो गया है, वैसे सभी आचार्य जी प्रांतीय स्थायित्व आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित है। आवेदन पत्र पर अनुशंसा लिखाकर प्रांत से स्वीकृति प्राप्त कर लें तथा संबंधित आचार्य का गोपनीय प्रतिवेदन भी प्रशिक्षण से पूर्व प्रदेश कार्यालय भेज दें। जिससे अग्रेतर कार्यवाई संभव हो सकेगी।

* उपर्युक्त तीनों प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 16 मई, 2023 से 04 जून, 2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्रीकृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयोजित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व पहुँचना अनिवार्य है। अंतिम दिन दीक्षांत उपरांत अवकाश निर्धारित है।
* व्यवस्था शुल्क ₹4,000/- (चार हजार रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।
* शेष विस्तृत सूचना वार्षिक कार्ययोजना पृष्ठ क्रमांक-4/5 पर अंकित है। प्रशिक्षण में प्रेषित करने से पूर्व आचार्य, दीदीजी को अवगत कराकर भेजें।
* वंदना पुस्तक एवं आचार्य नियमावली का स्वाध्याय करके ही आना श्रेयस्कर है।

**घ. नवीन प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग**

वैसे प्रधानाचार्य जो कार्य तो कर रहे हैं किन्तु उनका प्रशिक्षण विद्या भारती के अंतर्गत प्रधानाचार्य का नहीं हुआ है, वे अपेक्षित हैं। ऐसे महानुभाव प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र पर अपने विद्यालय के सचिव जी की अनुशंसा के साथ प्रदेश कार्यालय भेजकर स्वीकृति प्राप्त कर लें। यह प्रशिक्षण **ऐच्छिक नहीं, अनिवार्य है**। व्यवस्था शुल्क ₹2,000/- (दो हजार रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। यह प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 26 मई, 2023 से 04 जून, 2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्रीकृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयोजित है।

**ङ. कार्यालय प्रमुख एवं सहायक प्रशिक्षण वर्ग**

यह प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 26 मई, 2023 से 04 जून, 2023 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, श्रीकृष्ण चंद्र गाँधी शैक्षिक नगर, कुदलुम, राँची में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹2,000/- (दो हजार रुपए मात्र) प्रति

प्रतिभागी निर्धारित है। नवीन चयनित कार्यालय प्रमुख एवं सहायकों का यह प्रशिक्षण वर्ग है, पूर्व से कार्यरत कार्यालय सहायक/प्रमुख इस वर्ग में भाग लेना चाहते हैं तो आवेदन पत्र भेजकर स्वीकृति प्राप्त कर लें।

## 11. प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता (बाल एवं किशोर वर्ग)

यह प्रतियोगिता 17 से 19 जून, 2023 को कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, झुमरीतिलैया, कोडरमा में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क ₹ 750 + 100 = 850/- (आठ सौ पचास रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। इससे संबंधित तैयारी प्रारंभ करनी चाहिए। शेष बिन्दु खेलकूद पत्रक के अनुसार है।

## 11. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून को विद्यालय स्तर पर भव्य रूप में आयोजित करें। भैया-बहन, आचार्य, पूर्व छात्र, अभिभावक, समाज के महानुभाव सब सहभाग करें। वृत्त ईमेल के द्वारा प्रांत प्रेषित करें।

**-: वार्षिक कार्ययोजना - भूल सुधार :-**

कुछ बिन्दु वार्षिक कार्ययोजना में छूट गए हैं। उनका उल्लेख किया जा रहा है।

## 1. प्रांतीय विज्ञान एवं गणित मेला 2023

दिनांक 09 एवं 10 अक्टूबर, 2023 को विज्ञान एवं गणित मेला का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में होगा। इस मेला में संगणक, विज्ञान एवं वैदिक गणित विषयक प्रदर्श, प्रयोग एवं पत्र-वाचन की सभी प्रतियोगिताएँ संपन्न होगी। 09 अक्टूबर, 2023 को दोपहर भोजन पूर्व पहुँचना अपेक्षित है। 10 अक्टूबर, 2023 को अपराह्न अवकाश संभव है। व्यवस्था शुल्क ₹ 500 + 100 = 600/- (छः सौ रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।

## 2. वार्षिक उपलब्धि बिन्दु

वार्षिक कार्ययोजना में 4 बिन्दु अंकित है, पाँचवाँ बिन्दु मुद्रण में छूट गया है। जो निम्नवत् है -

5.**दैनिक पाठ योजना** - अध्ययन पश्चात, पाठयोजना/पाठ टीका तैयार करें। तब TLM, PLM, TLE लेकर ही कक्षा में जाएँ। पंचपदी मूल आधार हो जो विद्या भारती की अभिनव शिक्षण प्रणाली है। कक्षा एवं विषय के आधार पर शिक्षण विधि का प्रयोग निर्धारित करें।

## 3. समिति सदस्य सम्मेलन, देवघर विभाग

यह सम्मेलन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पोड़ैयाहाट में 21 जनवरी, 2024 को आयोजित है। समय पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक। व्यवस्था शुल्क ₹250/- (दो सौ पचास रुपए मात्र) प्रति प्रतिभागी निर्धारित है।

# अन्यान्य

## 1. प्रदेश निधि

प्रदेश निधि अब प्रांतीय गतिविधि शुल्क के रूप में प्रख्यापित है। एक माह के शुल्क के बराबर प्रदेश निधि रखना है। यह अनिवार्य है। संगठन हित में इसे अनिवार्यतः लागू करें। संग्रहित राशि प्रांतीय गतिविधि शुल्क प्रत्येक माह प्रदेश भेज देना चाहिए। इस राशि का व्यय विद्यालय में नहीं करना है। जो राशि आई उसे भेज देना श्रेयस्कर है।

## 2. विद्या भारती कार्यकर्ता कल्याण न्यास

इस न्यास को आर्थिक दृष्टि से संपन्न करने का दायित्व सबका है। संशोधित नियमावली भेजी गई है। इसी अनुरूप आपसे क्रिया की अपेक्षा है। सब सदस्य बनें। ₹50/- (पचास रुपए मात्र) प्रति भैया-बहन प्रदेश भेजा जाए। सुविधाएँ बढ़ रही है। व्यय-भार भी बढ़ रहा है। अस्तु कोष का समृद्ध होना अत्यावश्यक है। सदस्यता शुल्क भेजते समय आचार्य की सूची (कल्याण संख्या के साथ) ई-मेल द्वारा प्रेषित कर सूचित करें।

अब न्यास का कार्य श्री प्रवीण कुमार, कार्यालय सहायक, विद्या विकास समिति, झारखण्ड देख रहे हैं। आवश्यक होने पर उनसे वार्ता दूरभाषा संख्या 7992288930 पर कर सकते हैं।

### 3. अन्य राशि

पत्रिका, क्रीड़ा, अक्षय निधि, परीक्षा, प्रतिभा चयन/खोज समर्पण आदि सभी निधियाँ यथासमय हिसाब बना कर प्रदेश भेजें।

### 4. संस्कृति बोध परियोजना

संस्कृति ज्ञान परीक्षा का शुल्क अपने भैया-बहनों का अप्रैल में भेजकर ही पुस्तक मंगवा लेना श्रेयस्कर है; ताकि भैया-बहन अध्ययन कर सकें। इसी प्रकार प्रश्नमंच आदि की पुस्तक भी अप्रैल-मई में मंगवाकर अभ्यास प्रारंभ करें।

### 5. विद्यालय के कार्यक्रम

कार्यक्रमों के चित्र ठीक प्रकार से नजदीक से लेकर गहरे रंग का प्रदेश भेजें। पेपर कटिंग एवं आपके द्वारा निर्मित, मुद्रित समाचार भी ईमेल पर प्रदेश आना चाहिए। इमेल से भेजने का आग्रह है, ग्रुप में डालकर निश्चिंत न हो जाएँ।

### 6. वार्षिक कार्ययोजना

प्रदेश, विभाग, संकुल के साथ ही विद्यालयों की वार्षिक कार्ययोजना का निर्माण हो गया होगा। एक प्रति प्रदेश कार्यालय भी भेजें।

### 7. अर्थ संकल्प

अर्थ संकल्प (बजट) विद्यालय की समिति से स्वीकृत हो गया होगा। जिन्होंने प्रदेश नहीं भेजा है, कृपया बजट की प्रति प्रदेश भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बजट बनाना, स्वीकृत कराना अनिवार्य है।

### 8. अंकेक्षण

विद्यालय का अंकेक्षण अप्रैल से मई, 2023 तक हो जाए, इसका प्रयास अपेक्षित है। अंकेक्षण की प्रति भी प्रदेश कार्यालय प्रेषित करें।

### 9. मासिक एवं वार्षिक तलपट

मासिक तलपट अनिवार्यत: प्रदेश भेजा जाए। कतिपय विद्यालयों द्वारा मासिक तलपट भेजने में आलस्य दिखाया जा रहा है। इसे भेजना अनिवार्य है। भेजते समय इसपर सचिव तथा कोषाध्यक्ष का हस्ताक्षर अवश्य हो। सत्र 2022-23 समाप्त हुआ है तो वार्षिक तलपट भी प्रदेश भेजें।

### 10. नवीन नामांकन

अपने प्रभाव क्षेत्र, टोला/मुहल्ला, गाँव में संपर्क विस्तार किया जाए। सभी समाज के भैया-बहनों का नामांकन अपने यहाँ हो। अपने शिशु/विद्या मंदिर प्रथम चयन का विद्यालय बने। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अंतर्गत आधुनिक व्यवस्था को व्यवस्थित करते हुए नवीन नामांकन बढ़ाने का प्रयास हो।

### 11. आचार्य चयन प्रक्रिया

आचार्य चयन प्रक्रिया 2023 प्रारंभ हो चुकी है। **पीआरटी, टीजीटी एवं पीजीटी** के लिए झारखण्ड के समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किए गए है। आप भी इसे अपने प्रदर्शन पट्ट पर भी प्रख्यापित करें। विद्यालय श्रेणी 'ए' और 'बी' में स्थानीय स्तर पर आचार्य नियुक्त करने की छूट नहीं है। अगर रखा गया है तो वे परीक्षा दें। परीक्षा उत्तीर्ण नहीं होने पर आचार्य नियमावली के आलोक में उन्हें मुक्त कर देना होगा।

20.04.2023 तक समिति के वेबसाईट https://www.vvsjharkhand.org.in पर जानकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

29.09.2023 को लिखित परीक्षा विभिन्न केन्द्रों पर होगी। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के जिन केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी व्यवस्था संबंधी सूचना दी जाएगी।

सत्र 2023-24 में आपको आचार्य चाहिए (वर्तमान एवं संभावित) तो संपूर्णता में वार्ता कर विषयशः संख्या प्रदेश कार्यालय प्रेषित करें। आप सबका सहयोग अपेक्षित है।

## 12. भारती संस्कृति शिक्षा सेवा न्यास

भारती संस्कृति शिक्षा सेवा न्यास अर्थात् वस्तु भंडार का कार्यालय अब वनांचल शिक्षा समिति, हिनू कार्यालय परिसर में चला गया है। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर प्रकाशन का भी कार्यालय है। शिक्षण सामग्री की सभी सामग्रियाँ वहीं से प्राप्त करेंगे। किसी भी प्रकार के पत्राचार या फोन पर वार्ता श्री अशोक कुमार साह जी से उनके दूरभाष संख्या 9431456954 पर कर सकते हैं। नकद राशि न भेजें। प्रकाशन विभाग/शिक्षण सामग्री के खाता में राशि जमा कराकर आदेश भेजें।

## 13. राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

कक्षा-कक्ष में NEP के आलोक में अध्यापन हो। इन आचार्यों में गुणवत्ता का विकास किया जाए। भैया-बहनों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्ति की ललक हो। कक्षा-कक्ष क्रियात्मक एवं प्रयोगात्मक हो। NEP की दृष्टि से अभिभावकों की गोष्ठी कक्षाशः हो, उन्हें बतलाया जाए, उनकी मन:स्थिति तैयार की जाए। भारत केन्द्रित इस शिक्षा नीति का क्रियान्वयन प्राथमिकता से हो, इसकी अपेक्षा है।

कृपया इस पत्रक से समिति एवं आचार्य परिवार को भी अवगत कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें। **मासांत की प्रतिक्षा न करें।**

**मेष संक्रांति की शुभकामनाओं सहित -**

।। इतिशुभम् ।।

भवदीय

अजय 13/4/23

**(अजय कुमार तिवारी)**
प्रदेश सचिव
विद्या विकास समिति, झारखंड